Series : ABCD4/3

SET – 1

प्रश्न–पत्र कोड
Q.P. Code **67/3/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **24** हैं ।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **12** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **24** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **12** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

*

लेखाशास्त्र
ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय : **2** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **40***
*Time allowed : **2** hours* | *Maximum Marks : **40***

सामान्य निर्देश :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **दो** भाग हैं – भाग **क** और **ख** । प्रश्न-पत्र में **12** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) ***भाग – क** सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है ।*

(iii) ***भाग – ख** में **दो** विकल्प हैं अर्थात् (i) वित्तीय विवरणों का विश्लेषण और (ii) कम्प्यूटरीकृत लेखांकन । छात्रों को दिए गए विकल्पों में से केवल **एक** ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

(iv) *प्रश्न संख्या **1** से **3** और **10** लघु-उत्तरीय प्रकार–I के प्रश्न हैं । प्रत्येक के **2** अंक हैं ।*

(v) *प्रश्न संख्या **4** से **6** और **11** लघु-उत्तरीय प्रकार–II के प्रश्न हैं । प्रत्येक के **3** अंक हैं ।*

(vi) *प्रश्न संख्या **7** से **9** और **12** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक के **5** अंक हैं ।*

(vii) *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । हालाँकि, **तीन** अंकों के **3** प्रश्नों और **पाँच** अंक के **1** प्रश्न में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है ।*

*

General Instructions :

(i) *This question paper comprises of* ***two*** *Parts – Part-****A*** *and* ***B****. There are* ***12*** *questions in the question paper.* ***All*** *questions are compulsory.*

(ii) ***Part - A*** *is compulsory for all candidates.*

(iii) ***Part - B*** *has* ***two*** *options i.e. (i) Analysis of Financial Statements and (ii) Computerised Accounting. Candidates must attempt only one of the given options.*

(iv) *Question Nos.* ***1*** *to* ***3*** *and* ***10*** *are short answer type – I questions carrying* ***2*** *marks each.*

(v) *Question Nos.* ***4*** *to* ***6*** *and* ***11*** *are short answer type – II questions carrying* ***3*** *marks each.*

(vi) *Question Nos.* ***7*** *to* ***9*** *and* ***12*** *are long answer questions carrying* ***5*** *marks each.*

(vii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in* ***3*** *questions of* ***three*** *marks and* ***1*** *question of* ***five*** *marks.*

भाग – क

(अलाभकारी संगठनों, साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

1. 'अलाभकारी संगठन' का क्या अर्थ है ? **2**

2. क, ख, ग तथा घ एक फर्म के साझेदार थे तथा 1 : 2 : 3 : 4 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । 31.3.2022 को ग ने फर्म से सेवानिवृत्त ली तथा उसके भाग का अधिग्रहण क तथा ख ने 3 : 2 के अनुपात में कर लिया ।

   क, ख तथा घ का नया लाभ विभाजन अनुपात ज्ञात कीजिए । **2**

3. पी, क्यू तथा आर एक फर्म के साझेदार थे तथा 4 : 3 : 3 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । 31.3.2022 को 'आर' फर्म से सेवानिवृत्त हुआ । 'आर' की सेवानिवृत्ति के समय फर्म का स्थिति विवरण ₹ 3,75,000 के विभिन्न देनदार दर्शा रहा था । यह निर्णय किया गया कि ₹ 5,000 के देनदारों को डूबत ऋणों के रूप में अपलिखित किया जाए तथा देनदारों पर डूबत एवं संदिग्ध ऋणों के लिए 2½% का प्रावधान किया जाए ।

   उपरोक्त लेनदेनों के लिए आर की सेवानिवृत्ति पर फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **2**

4. 'मुरलीधर चैरिटेबल हॉस्पिटल' की पुस्तकों से प्राप्त निम्न सूचना से 31.3.2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाते के नाम पक्ष में खतौनी की जाने वाली दवाइयों की राशि की गणना कीजिए :

विवरण	**31.03.2021 राशि ₹**	**31.03.2022 राशि ₹**
दवाइयों का स्टॉक	1,70,000	3,75,000
दवाइयों के लेनदार	5,40,000	8,25,000

   वर्ष के दौरान दवाइयों के लेनदारों को ₹ 11,49,000 का भुगतान किया गया । आपातकालीन उपयोग के लिए ₹ 3,30,000 की नगद दवाइयों का क्रय किया गया । **3**

अथवा

PART – A

(Accounting for Not-for-Profit Organizations, Partnership Firms and Companies)

1. What is meant by a 'Not-For-Profit Organisation' ? **2**

2. A, B, C and D were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 1 : 2 : 3 : 4. On 31. 3. 2022, C retired from the firm and his share was acquired by A and B in the ratio of 3 : 2.

   Calculate the new profit sharing ratio of A, B and D. **2**

3. P, Q and R were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 4 : 3 : 3. On 31.3.2022 R retired from the firm. On R's retirement the balance sheet of the firm showed sundry debtors at ₹ 3,75,000. It was decided to write off ₹ 5,000 as bad debts and create a provision of 2½% on debtors for bad and doubtful debts.

   Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm on R's retirement. **2**

4. From the following information obtained from the books of 'Murlidhar Charitable Hospital', calculate the amount of medicines to be debited to the Income and Expenditure Account of the hospital for the year ended 31.3.2022.

Particulars	31.03.2021 Amount ₹	31.03.2022 Amount ₹
Stock of medicines	1,70,000	3,75,000
Creditors for medicines	5,40,000	8,25,000

During the year ₹ 11,49,000 were paid to the Creditors for medicines. Medicines of ₹ 3,30,000 were purchased in cash for emergency use. **3**

OR

कारण सहित बताइए कि एक अलाभकारी संगठन का 'आय एवं व्यय खाता' तथा 'स्थिति विवरण' तैयार करते समय निम्नलिखित मदों का लेखा कैसे किया जाएगा :

(क) उपभोग की गई क्रीड़ा सामग्री का विक्रय ।

(ख) आजीवन सदस्यता शुल्क

(ग) भवन निर्माण हेतु सरकारी अनुदान

5. एक्स, वाई तथा ज़ैड एक फर्म के साझेदार थे । फर्म अपनी पुस्तकें प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को बंद करती है । 31 दिसम्बर, 2021 को 'एक्स' की मृत्यु हो गई । साझेदारी संलेख में प्रावधान था कि मृत्यु की तिथि तक लाभ में मृतक साझेदार के भाग की गणना पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जायेगी । 31.3.2021 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का लाभ ₹ 6,00,000 था ।

मृत्यु की तिथि तक फर्म के लाभ में एक्स के भाग की गणना कीजिए तथा इसके लिए फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । **3**

6. एक्स लिमिटेड ने वाई लिमिटेड की ₹ 18,00,000 की परिसम्पत्तियों का क्रय तथा ₹ 6,00,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 10,00,000 के क्रय मूल्य पर किया । वाई लिमिटेड को ₹ 100 प्रत्येक के 9% ऋणपत्रों का ₹ 125 प्रति ऋणपत्र पर निर्गमन करके भुगतान किया गया ।

वाई लिमिटेड के पक्ष में निर्गमित किए गए 9% ऋणपत्रों की संख्या ज्ञात कीजिए तथा उपरोक्त लेनदेनों के लिए एक्स लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

अथवा

State with reason how the following items will be treated while preparing the 'Income and Expenditure Account' and 'Balance Sheet' of a Not-for-Profit Organisation :

(a) Sale of used sports material.

(b) Life membership fees.

(c) Government Grant for the construction of building.

5. X, Y and Z were partners in a firm. The firm closes its books on 31st March every year. On 31st December 2021, X died. The partnership deed provided that the share of deceased partner in the profits of the firm till the date of his death will be calculated on the basis of last year's profit. The profit for the year ended 31.3.2021 was ₹ 6,00,000.

Calculate X's share in the profits of the firm till the date of his death and pass the necessary journal entry for the same in the books of the firm. **3**

6. X Ltd. purchased assets of ₹ 18,00,000 and took over liabilities of ₹ 6,00,000 of Y Ltd. for a purchase consideration of ₹ 10,00,000. The payment to Y Ltd. was made by issue of 9% debentures of ₹ 100 each at ₹ 125.

Calculate the number of 9% debentures issued in favour of Y Ltd. and pass the necessary journal entries for the above transactions in the books of X Ltd. **3**

OR

निम्नलिखित लेनदेनों के लिए ज़ैड लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(क) ज़ैड लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 10,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन ₹ 10 प्रति ऋणपत्र के प्रीमियम पर किया । पूरी राशि आवेदन पर देय थी । 15,000 ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 3,000 ऋणपत्रों के आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा आवेदन राशि वापिस कर दी गई । शेष आवेदकों को ऋणपत्र आनुपातिक आधार पर आबंटित कर दिए गए ।

(ख) कम्पनी के प्रतिभूति प्रीमियम संचय खाते में ₹ 60,000 का शेष था । ऋणपत्रों के निर्गमन पर ₹ 1,00,000 की हानि को कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार अपलिखित किया गया ।

7. टी, यू तथा वी एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 1 : 2 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । उनकी फर्म को अत्यधिक हानि हो रही थी अतः इसे बन्द करना पड़ा । परिसम्पत्तियों (नगद तथा बैंक में रोकड़ को छोड़कर) तथा तृतीय पक्ष की देयताओं को वसूली खाते में हस्तांतरित करने के पश्चात् निम्न लेनदेन हुए :

(i) 'टी' ने 50% स्टॉक पुस्तक मूल्य से 10% कम पर ₹ 90,000 में ले लिया तथा शेष स्टॉक को ₹ 40,000 में बेच दिया गया ।

(ii) ₹ 78,000 के लेनदारों ने ₹ 80,000 की मशीनरी अपने दावे के पूर्ण निपटान में ले ली ।

(iii) ₹ 5,000 के देनदारों से, जिनको पूर्व में अपलिखित कर दिया गया था, वसूली हो गई ।

(iv) श्रीमती वी को ₹ 72,000 के ऋण का भुगतान फर्म ने कर दिया ।

(v) विघटन पर ₹ 80,000 की हानि हुई ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए टी, यू तथा वी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **5**

अथवा

Pass necessary journal entries in the books of Z Ltd. for the following transactions :

(a) Z Ltd. invited applications for issuing 10,000, 9% debentures of ₹ 100 each at a premium of ₹ 10 per debenture. The full amount was payable on application. Applications were received for 15,000 debentures. Applications for 3,000 debentures were rejected and the applications money was refunded. Debentures were allotted to the remaining applicants on a pro-rata basis.

(b) The company has a balance of ₹ 60,000 in securities premium reserve account. Loss on issue of debentures ₹ 1,00,000 was written off as per the provisions of the Companies Act 2013.

7. T, U and V were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 1 : 2. Their firm was incurring huge losses thus it had to be closed. After transferring assets (other than cash in hand and bank) and third party liabilities to realization account the following transactions took place :

(i) T took away 50% of the stock at book value less 10% for ₹ 90,000, and the remaining stock was sold for ₹ 40,000.

(ii) Creditors of ₹ 78,000 took over machinery of ₹ 80,000 in full settlement of their claim.

(iii) ₹ 5,000 debtors previously written off were recovered.

(iv) Mrs. V's loan of ₹ 72,000 was paid by the firm.

(v) Loss on dissolution was ₹ 80,000.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of T, U and V. **5**

OR

डी, ई तथा एफ एक फर्म के साझेदार थे तथा 5 : 2 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते थे । 31.3.2022 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

31.3.2022 को डी, ई तथा एफ का स्थिति विवरण

देयताएँ	राशि ₹	परिसम्पत्तियाँ	राशि ₹
लेनदार	53,000	नगद	16,000
देय बिल	62,000	बैंक	17,000
सामान्य संचय	2,00,000	स्टॉक	18,000
पूँजी :		देनदार	1,99,000
डी 7,00,000		निवेश	1,15,000
ई 5,00,000		मशीनरी	7,50,000
एफ 6,00,000	18,00,000	भूमि तथा भवन	10,00,000
	21,15,000		**21,15,000**

उपरोक्त तिथि पर डी ने फर्म से सेवानिवृत्ति ली तथा निम्न पर सहमति बनी :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 1,00,000 किया गया । डी के भाग की ख्याति की खतौनी शेष साझेदारों के पूँजी खातों में समायोजन द्वारा की गई ।

(ii) निवेश को उनके बाज़ार मूल्य ₹ 85,000 पर लाया जाएगा ।

(iii) मशीनरी के मूल्य को ₹ 7,00,000 तक घटाया जायेगा ।

(iv) भूमि तथा भवन के मूल्य को ₹ 12,00,000 तक बढ़ाया जाएगा ।

(v) डी के पूँजी खाते का शेष उसके ऋण खाते में हस्तान्तरित किया जाएगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता तथा डी की सेवानिवृत्ति पर उसका पूँजी खाता तैयार कीजिए ।

D, E and F were partners in a firm sharing profits in the ratio of 5 : 2 : 3. On 31.3.2022 their balance sheet was as follows :

Balance Sheet of D, E and F as on 31.3.2022

Liabilities	Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors	53,000	Cash	16,000
Bills Payable	62,000	Bank	17,000
General Reserve	2,00,000	Stock	18,000
Capitals :		Debtors	1,99,000
D 7,00,000		Investments	1,15,000
E 5,00,000		Machinery	7,50,000
F 6,00,000	18,00,000	Land and Building	10,00,000
	21,15,000		**21,15,000**

On the above date D retired from the firm and the following was agreed upon :

(i) Goodwill of the firm was valued at ₹ 1,00,000. D's share of goodwill was adjusted through the capital accounts of remaining partners.

(ii) Investments were to be brought to their market value which was ₹ 85,000.

(iii) Machinery was to be depreciated to ₹ 7,00,000.

(iv) Land and Building was to be appreciated to ₹ 12,00,000.

(v) The balance in D's capital account was transferred to his loan account.

Prepare Revaluation Account and D's Capital Account on his retirement.

8. निम्न स्थितियों में ऋणपत्रों के निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(क) ₹ 100 प्रत्येक के 50,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया जिनका शोधन सममूल्य पर करना है ।

(ख) ₹ 100 प्रत्येक के 10,000, 8% ऋणपत्रों का निर्गमन 7% के प्रीमियम पर किया जिनका शोधन सममूल्य पर करना है ।

(ग) ₹ 100 प्रत्येक के 750, 8% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया गया जिनका शोधन सममूल्य पर करना है ।

(घ) ₹ 100 प्रत्येक के 1,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% प्रीमियम पर किया गया जिनका शोधन 8% प्रीमियम पर करना है ।

(ङ) ₹ 100 प्रत्येक के 500, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया गया जिनका शोधन 10% प्रीमियम पर करना है । **5**

9. 31.3.2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए गोल्डन क्लब के निम्न प्राप्ति एवं भुगतान खाते से आय एवं व्यय खाता तैयार कीजिए :

31.3.2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए गोल्डन क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता

प्राप्तियाँ		**राशि ₹**	**भुगतान**		**राशि ₹**
शेष नीचे लाये			मानदेय		75,000
नगद	70,000		स्टेशनरी		15,000
बैंक	2,00,000	2,70,000	बिजली बिल		35,000
चन्दा		2,00,000	किराया		1,20,000
प्रवेश शुल्क		50,000	फर्नीचर		1,80,000
पुराने समाचार-पत्रों की बिक्री		2,000	स्थायी जमा @ 9% वार्षिक		
पुराने फर्नीचर (पुस्तक मूल्य			की दर से, 31.03.2022		1,00,000
₹ 10,000) की बिक्री		4,000	शेष नीचे ले गए		
दान		45,000	नगद	26,000	
आजीवन सदस्यता शुल्क		30,000	बैंक	50,000	76,000
		6,01,000			**6,01,000**

8. Pass necessary journal entries for the issue of debentures in the following cases :

(a) Issued 50,000, 9% debentures of ₹ 100 each at par redeemable at par.

(b) Issued 10,000, 8% debentures of ₹ 100 each at 7% premium redeemable at par.

(c) Issued 750, 8% debentures of ₹ 100 each at 10% discount redeemable at par.

(d) Issued 1,000, 9% debentures of ₹ 100 each at 5% premium redeemable at 8% premium.

(e) Issued 500, 9% debentures of ₹ 100 each at 10% discount redeemable at 10% premium. **5**

9. From the following 'Receipts and Payments Account' of Golden Club for the year ended 31.3.2022, prepare Income and Expenditure Account :

Receipts and Payments Account of Golden Club
for the year ended 31.3.2022

Receipts		Amount ₹	Payments		Amount ₹
Bal. b/d			Honorarium		75,000
Cash	70,000		Stationery		15,000
Bank	2,00,000	2,70,000	Electricity Bill		35,000
Subscriptions		2,00,000	Rent		1,20,000
Entrance Fees		50,000	Furniture		1,80,000
Sale of old newspaper		2,000	Fixed Deposit @ 9% p.a. on 31.03.2022		1,00,000
Sale of old furniture (book value ₹ 10,000)		4,000	Balance c/d		
			Cash	26,000	
Donations		45,000	Bank	50,000	76,000
Life membership fees		30,000			
		6,01,000			**6,01,000**

अतिरिक्त सूचना :

(i) क्लब के 1750 सदस्य थे तथा प्रत्येक सदस्य ₹ 100 वार्षिक चन्दे का भुगतान करता है ।

(ii) फर्नीचर का क्रय 31.3.2022 को किया गया । **5**

भाग – ख

विकल्प – I

(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

10. 'रोकड़ प्रवाह विवरण' का क्या अर्थ है ? **2**

11. निम्न सूचना से 31.3.2021 तथा 31.3.2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए के के लिमिटेड का 'सामान्य आकार लाभ–हानि विवरण' तैयार कीजिए : **3**

विवरण	**2021-2022** **राशि** **₹**	**2020-2021** **राशि** **₹**
प्रचालन आगम	20,00,000	15,00,000
अन्य आय	2,00,000	1,50,000
व्यय	4,00,000	3,00,000
कर दर 50%		

अथवा

Additional Information :

(i) Club had 1750 members each paying an annual subscription of ₹ 100.

(ii) Furniture was purchased on 31.3.2022. **5**

PART – B

Option – I

(Analysis of Financial Statements)

10. What is meant by 'Cash Flow Statement' ? **2**

11. From the following information, prepare a 'Common Size Statement of Profit and Loss' of K K Ltd. for the year ended 31.3.2021 and 31.3.2022 : **3**

Particulars	2021-2022 Amount ₹	2020-2021 Amount ₹
Revenue from operations	20,00,000	15,00,000
Other Income	2,00,000	1,50,000
Expenses	4,00,000	3,00,000
Tax Rate 50%		

OR

जे.जे. लिमिटेड के निम्न स्थिति विवरण से 31.3.2022 को तुलनात्मक स्थिति विवरण तैयार कीजिए :

जे.जे. लिमिटेड

31.3.2022 को स्थिति विवरण

विवरण	नोट सं.	31.3.2022 (₹)	31.3.2021 (₹)
I. समता तथा देयताएँ :			
1. अंशधारक निधियाँ :			
(क) समता अंश पूँजी		25,00,000	20,00,000
(ख) संचय एवं आधिक्य		5,00,000	4,00,000
2. अचल देयताएँ :			
दीर्घकालीन उधार		10,00,000	10,00,000
3. चालू देयताएँ :			
व्यापारिक देय		2,00,000	1,00,000
कुल		**42,00,000**	**35,00,000**
II. परिसम्पत्तियाँ :			
1. अचल परिसम्पत्तियाँ :			
स्थायी परिसम्पत्तियाँ		30,00,000	25,00,000
2. चालू परिसम्पत्तियाँ :			
माल-सूची		12,00,000	10,00,000
कुल		**42,00,000**	**35,00,000**

From the following Balance Sheet of J.J. Ltd. prepare a Comparative Balance Sheet as at 31.3.2022 :

J.J. Ltd.

Balance Sheet as at 31.3.2022

Particulars	Note No.	31.3.2022 (₹)	31.3.2021 (₹)
I. EQUITY AND LIABILITIES :			
1. Shareholders' Funds :			
(a) Equity Share Capital		25,00,000	20,00,000
(b) Reserves and Surplus		5,00,000	4,00,000
2. Non-Current Liabilities :			
Long-term borrowings		10,00,000	10,00,000
3. Current Liabilities :			
Trade Payables		2,00,000	1,00,000
Total :		**42,00,000**	**35,00,000**
II. ASSETS :			
1. Non-Current Assets :			
Fixed Assets		30,00,000	25,00,000
2. Current Assets :			
Inventories		12,00,000	10,00,000
Total :		**42,00,000**	**35,00,000**

12. 31.3.2022 को जय लिमिटेड के निम्नलिखित स्थिति विवरण से 'प्रचालन गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह' की गणना कीजिए :

जय लिमिटेड

31.3.2022 को स्थिति विवरण

विवरण	नोट सं.	31.3.2022 (₹)	31.3.2021 (₹)
I. समता एवं देयताएँ :			
1. अंशधारक निधियाँ			
(क) अंश पूँजी	1	50,00,000	30,00,000
(ख) संचय एवं आधिक्य	2	10,00,000	6,00,000
2. अचल देयताएँ :			
दीर्घकालीन उधार	3	8,00,000	4,00,000
3. चालू देयताएँ :			
(क) व्यापारिक देय		2,00,000	3,00,000
(ख) अन्य चालू देयताएँ	4	3,00,000	1,00,000
(ग) लघुकालीन प्रावधान	5	1,50,000	1,00,000
कुल		**74,50,000**	**45,00,000**
II. परिसम्पत्तियाँ :			
1. अचल परिसम्पत्तियाँ :			
स्थायी परिसम्पतियाँ			
(i) मूर्त परिसम्पत्तियाँ	6	60,00,000	40,00,000
(ii) अमूर्त परिसम्पत्तियाँ	7	4,00,000	4,00,000
2. चालू परिसम्पत्तियाँ :			
(क) स्टॉक (मालसूची)		7,00,000	40,000
(ख) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य		3,50,000	60,000
कुल		**74,50,000**	**45,00,000**

12. From the following Balance Sheet of Jay Ltd. as at 31.3.2022, calculate 'Cash Flows from Operating Activities' :

Jay ltd.

Balance Sheet as at 31.3.2022

Particulars	Note No.	31.3.2022 (₹)	31.3.2021 (₹)
I. EQUITY AND LIABILITIES :			
1. Shareholders' Funds :			
(a) Share Capital	1	50,00,000	30,00,000
(b) Reserves and Surplus	2	10,00,000	6,00,000
2. Non-Current Liabilities :			
Long-term borrowings	3	8,00,000	4,00,000
3. Current Liabilities :			
(a) Trade Payables		2,00,000	3,00,000
(b) Other Current Liabilities	4	3,00,000	1,00,000
(c) Short-term provisions	5	1,50,000	1,00,000
Total :		**74,50,000**	**45,00,000**
II. ASSETS :			
1. Non-Current Assets :			
Fixed Assets			
(i) Tangible Assets	6	60,00,000	40,00,000
(ii) Intangible Assets	7	4,00,000	4,00,000
2. Current Assets :			
(a) Inventories		7,00,000	40,000
(b) Cash and Cash equivalents		3,50,000	60,000
Total :		**74,50,000**	**45,00,000**

खातों के नोट्स :

नोट सं.	विवरण	31.3.2022 (₹)	31.3.2021 (₹)
1.	**अंश पूँजी :**		
	समता अंश पूँजी	50,00,000	30,00,000
2.	**संचय एवं आधिक्य :**		
	आधिक्य अर्थात् लाभ–हानि विवरण का शेष	10,00,000	6,00,000
3.	**दीर्घकालीन उधार :**		
	10% ऋणपत्र	8,00,000	4,00,000
4.	**अन्य चालू देयताएँ :**		
	अदत्त किराया	3,00,000	1,00,000
5.	**लघुकालीन प्रावधान :**		
	कर प्रावधान	1,50,000	1,00,000
6.	**मूर्त परिसम्पत्तियाँ :**		
	भूमि	60,00,000	40,00,000
7.	**अमूर्त परिसम्पत्तियाँ :**		
	एकस्व	4,00,000	4,00,000

अतिरिक्त सूचना :

₹ 4,00,000, 10% ऋणपत्रों का निर्गमन 31.3.2022 को किया गया । **5**

Notes to Accounts :

Note No.	Particulars	31.3.2022 (₹)	31.3.2021 (₹)
1.	**Share Capital :**		
	Equity Share Capital	50,00,000	30,00,000
2.	**Reserves and Surplus :**		
	Surplus i.e. balance in the statement of profit and loss.	10,00,000	6,00,000
3.	**Long-term borrowings :**		
	10% debentures	8,00,000	4,00,000
4.	**Other Current Liabilities :**		
	Outstanding rent	3,00,000	1,00,000
5.	**Short-term provisions :**		
	Provision for tax	1,50,000	1,00,000
6.	**Tangible Assets :**		
	Land	60,00,000	40,00,000
7.	**Intangible Assets :**		
	Patents	4,00,000	4,00,000

Additional Information :

₹ 4,00,000, 10% Debentures were issued on 31.3.2022. **5**

भाग – ख

विकल्प – II

(कम्प्यूटरीकृत लेखांकन)

10. 'आँकड़ा अंकेक्षण' शब्द का क्या अर्थ है ? **2**

11. 'पेरोल' गणना में प्रयुक्त किये जाने वाले तीन तत्त्वों का उल्लेख कीजिए । **3**

अथवा

'सीयूएमआईपीएमटी' (CUMIPMT) कार्य का क्या उपयोग है ? इसका सिन्टैक्स लिखिए एवं समझाइए ।

12. टैली में 'बैंक समाधान विवरण' तैयार करने के चरणों का उल्लेख कीजिए । **5**

PART – B

Option – II

(Computerised Accounting)

10. What is the meaning of the term 'Data Audit' ? **2**

11. State the three elements used in 'Payroll' calculation. **3**

OR

What is the use of 'CUMIPMT' function ? Write and explain its syntax.

12. State the steps to construct 'Bank Reconciliation statement' in Tally. **5**

*